# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना- 800001

फोन- 0612-2231563, वेबसाईट : https://bsca.bihar.gov.in, Email-bscapatna@gmail.com


पटना/ दिनांक 18/05/2026

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ नि० 1-20/2024 1230 चूँकि बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में किये गये संशोधन एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति, जो या तो अधिक्रमित/ विघटित हैं या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

2. **उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा बडवानकला प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स), प्रखंड- अधौरा, जिला- कैमूर का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है, जो अवक्रमित हैं और जिसका निर्वाचन देय है।**

3. विदित हो कि प्राधिकार के पत्रांक 111 दिनांक 13.01.2025 एवं पत्रांक 165 दिनांक 19.01.2026 द्वारा बडवानकला पैक्स, प्रखंड- अधौरा, जिला- कैमूर के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था, जिसके अनुसार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 24.01.2026 को संपन्न हुआ था। दावे/ आपत्तियों के निष्पादन के पश्चात अंतिम प्रकाशन दिनांक 06.02.2026 को निर्धारित था, किंतु मतदाता सूची पर गंभीर शिकायत प्राप्त होने के कारण प्राधिकार के पत्रांक 273 दिनांक 03.02.2026 द्वारा मतदाता सूची के प्रकाशन के कार्यक्रम पर रोक लगाया गया।

4. मतदाता सूची विवाद के जांचोपरांत प्राधिकार के पत्रांक 1128 दिनांक 07.05.2026 द्वारा बडवानकला पैक्स के मतदाता सूची की तैयारी हेतु कट-ऑफ तिथि 30.04.2026 पुनर्निर्धारित करते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी, कैमूर को निदेशित किया गया कि पूर्व में तैयार की गयी प्रारूप मतदाता सूची के अतिरिक्त दिनांक 30.04.2026 तक डीम्ड/सक्षम प्राधिकार द्वारा बनाये सदस्यों की सूची तैयार कर दिनांक 13.05.2026 तक प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), अधौरा को उपलब्ध करायेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), अधौरा उक्त सूची को प्रारूप मतदाता सूची में अनुपूरक सूची के रूप में शामिल करना सुनिश्चित करेंगे।

5. अत: बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 एवं बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित, 2008) की धारा 14 'क' तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् द्वारा **कंडिका-6** में अंकित कार्यक्रम के अनुसार बडवानकला प्राथमिक कृषि साख समिति के निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में, मतदान हेतु **दिनांक 23.06.2026 (मंगलवार)** की तिथि नियत करता है तथा संबंधित समिति के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें।

